## एक नजर में

### टेनिस नेशनल में यथार्थ ने आठवीं सीड खिलाड़ी को हरा कर किया उलटफेर

इंदौर में चल रही है टेनिस की अंडर -14 आल इंडिया प्रतियोगिता



**खंडवा।** खंडवा के चमकते हुए टेनिस सितारे यथार्थ यादव ने खंडवा की झोली में एक और उपलब्धि डाली है। इंदौर में चल लॉन टेनिस ऑल इंडिया प्रतियोगिता में उन्होंने आठवीं सीड खिलाड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। खेल और युवा कल्याण विभाग के एनआईएस टेनिस कोच ने बताया कि इंदौर में 22 से 27 सितंबर 2025 तक अंडर-14 ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट में में यह कमाल दिखाया है।यथार्थ यादव खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।यथार्थ के साथ ही दो कु अविका मंडलोई भी इस टूर्नामेंट में भाग ले रही है।यथार्थ यादव ने ऑल इंडिया में 620 वी रैंक व प्रतियोगिता के 8 वी सीड प्राप्त मध्यप्रदेश के आराध्य पाटिल को अपने शानदार खेल से 6-0, 6-2 से हराकर उलटफेर किया।इस उपलब्धी पर खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज राय, सीईओ जिला पंचायत नागार्जुन बी गौड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) राजेश रघुवंशी, जिला खेल अधिकारी रूपसिंह कलेश एवं एंजेल प्लेनेट स्कूल के संचालक प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ व खेलप्रेमियों ने बधाई दी एवं आगामी मैचेस के लिए दोनों खिलाड़ियों को मंगलकामनाएं प्रेषित की।

### पिछले 24 घंटों में पंधाना में 21और पुनासा में 10 मिली मीटर वर्षा हुई

**खण्डवा ।** खंडवा जिले में गत चौबीस घंटों में 6.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में केवल पंधाना तहसील में 21 मिली मीटर और पुनासा तहसील में 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले की अन्य किसी भी तहसील में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है।उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 22 सितम्बर तक जिले में 838.4 मिली मीटर औसत वर्षा हो चुकी थी।जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 739 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है।इस वर्ष अब तक खण्डवा तहसील में 875 मि.मी., हरसूद तहसील में 610 मि.मी., पन्धाना तहसील में 630 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 770 मि.मी. तथा खालवा तहसील में 810 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।उल्लेखनीय है कि खण्डवा जिले की औसत वर्षा 808 मिली मीटर है।

### 12 अक्टूबर को प्रखर वक्ता व चिंतक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ देंगे मार्गदर्शन

रोटरी क्लब खण्डवा निमाड़ का जागरूकता कार्यक्रम



**खण्डवा।** रोटरी क्लब खण्डवा निमाड़ द्वारा सकल समाज के लिए 12 अक्टूबर 2025 को स्थानीय किशोर कुमार सभागृह रविन्द्र संकुल,सिविल लाइंस खण्डवा में वर्तमान परिस्थितियों पर विमर्श हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।जिसमे सुप्रसिद्ध चिंतक एवं प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ विशेष कर वर्तमान में बेटियों के भविष्य व संस्कार विषय पर अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। समाजसेवी नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया की 12 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम की तैयारी हेतु रोटरी क्लब खण्डवा निमाड़ के अध्यक्ष सुशील मण्डलोई सचिव अतुल अत्रिवाल व कार्यक्रम संयोजक लोकेश झंवर व सुनील जैन के नेतृत्व में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें सभी संस्थाओं,समाज व क्लबो के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। लखनलाल नागोरी,सुनील बंसल,ओमप्रकाश अग्रवाल,नारायण बाहेती,लोकेश झंवर ने होने वाले आयोजन हेतु अपने विचार रखे। पदाधिकारियों ने सभी समाज प्रमुखों से 12 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं व महिलाओं के साथ पधारने की अपील की।इस अवसर पर उपस्थित रहे। बैठक का संचालन लोकेश झंवर ने व आभार अतुल अत्रिवाल ने माना।

### पितरों के तर्पण के लिए सिंधी समाजजनों द्वारा किए गए दीपदान

**खंडवा।** जल और ज्योति के उपासक समस्त सिंधी समाज द्वारा सर्व पितृमोक्ष अमावस्या पर संध्या के समय समस्त कुटुंब की खुशाहाली एवं पितरों के आशीर्वाद के लिए श्री पूज्य सिंधी पंचायत एवं श्री पिपलेश्वर झुलेलाल भजन मंडली के सहयोग से श्री झूलेलाल मंदिर के सामने बनाए गए पवित्र अस्थाई कुंड में श्रद्धा पूर्वक पितरों के तर्पण हेतु सभी परिवारों व्दारा उपस्थित होकर दीप दान किया गया।यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी एवं श्री झुलेलाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान ने बताया कि पितरों के तर्पण के लिए सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या को संध्या के समय समस्त सिंधी समाजजनों द्वारा घर की देहरी पर दीपों का प्रज्ज्वलन किया जाकर समस्त कुटुंब के साथ पितरों का आशीर्वाद लिया गया, तत्पश्चात सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर के प्रांगण में मौक्षदायनी पवित्र गंगा जी एवं नर्मदा जी के जल से बनाए गए अस्थाई पवित्र कुंड में माता बहनों एवं परिवार के बड़े सदस्यों द्वारा दीपों का दान किया गया।वही कुंड में इन दीपों का श्री झूलेलाल भजन मंडली के सदस्यों द्वारा समस्त सिंधी समाज की उन्नति की कामना के साथ शहर स्थित पवित्र सरोवर में अख्खा, आरती एवं पल्लव पश्चात विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्री पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष गेहीराम सीतलानी, श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान,मनोहर सबनानी, हरीश आसवानी,गोपालदास पमनानी, अशोक मंगवानी, जेठानंद हरचंदानी, अशोक चंदवानी, निर्मल मंगवानी, राम वासवानी, पप्पू आसवानी, गोवर्धनदास नेभनानी, ईश्वर जेठवानी, श्रीचंद चंदानी, मनोहर संतवानी, महेश चंदवानी, किशोर लालवानी, किशोर मोटवानी, कमल नागपाल, रितेश मंगवानी, मुरली कोडवानी, किशोर मंगवानी आदि सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित थे।

### पंधाना में कई जगह घट स्थापना हुई

**पंधाना।** नगर पंधाना में विभिन्न स्थानों पर दुर्गा स्थापना की गई है।मणि मंदिर, त्रिवेणी मंदिर, शंकर मंदिर रामनगर परदेसीपुरा, बालाजी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर महाजन मोहल्ले में तीन जगह स्थापना हुई है। वहां पर दरबार मोहल्ला, गुरुवा मोहल्ला साइन मंदिर के सामन कमल स्टेट ऐसे सभी मोहल्ले में माता जी की घटित स्थापना की गई है।

### स्वास्थ्य शिविर में 234 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**खण्डवा ।** स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान अन्तर्गत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अभियान के तहत कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में आगामी 2 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।इसी क्रम में सोमवार को शहरी क्षेत्र खण्डवा के मराठी स्कूल में स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से महिला हितग्राहियों की चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा जाँच एवं उपचार किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 234 हितग्राहियों की स्वास्थ्य की जाँच की गई जिनकी त्वरित जाँच के रूप में बीपी, शुगर, खून की जाँच, एक्स-रे, फैटी लीवर सहित सामान्य सर्दी बुखार आदि की जाँच भी की।स्वास्थ्य शिविर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह जिला चिकित्सालय खण्डवा से स्त्री रोग विशेषज्ञ, नाक कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. रागिनी तंवर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शकुंतला मिश्रा के द्वारा विशेष कांउसलिंग महिलाओं की कर सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# मंगलसूत्र के लिए आधी रात को मर्डर पति की बांहों में पत्नी ने तोड़ दिया दम

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। मर्डर और संवेदनशील क्राइम में खंडवा शहर, जबलपुर को भी पीछे छोड़ रहा है। खंडवा से सटे गांव डिगरिस में एक युवक के को पेट में दर्द होने के कारण पत्नी आधी रात को अस्पताल ले जा रही थी। बदमाशों ने जरा से मंगलसूत्र छीनने के चक्कर में पत्नी सविता को चाकू से गोद दिया।मौके पर ही पति के सामने तड़पते हुए पत्नी ने जान दे दी। पति को भी कुछ चाकू लगे हैं।**

स्थिति की गंभीरता देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज राय और सीएसपी अभिनव बारंगे समेत पुलिस टीम बड़ी टॉर्च लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए । मौका देखकर कई तरह की जानकारियां एकत्रित कीं। गांव में भी सर्चिंग की जा रही है।

### डिगरिस की पटेल दंपत्ति के साथ हुई वारदात

पुलिस ने ही गंभीर घायल पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। ग्राम डिगरिस निवासी महेंद्र पटेल और उनकी पत्नी सविता पटेल के साथ यह वारदात हुई है।

महेंद्र पटेल को रात में ही पेट में तेज दर्द हुआ था। इलाज कराने के लिए बाइक से खंडवा के निकले थे। गांव से करीब डेढ़ से 2 किलोमीटर दूर रास्ते में बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी।

एसपी मनोज कुमार राय ने कहा है कि घटना की जांच की जा रही है। बदमाशों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### लुटेरों के हुलिए से पहचानेगी पुलिस

लुटेरे किस तरह के थे, इस पर महिला के पति से भी पूछताछ की जा रही है। सवाल कई उठ रहे हैं। मसाला संवेदनशील इसलिए भी है, कि जरा से मंगलसूत्र के कारण लुटेरे इतने आक्रामक कैसे हो गए?

### इतने आक्रामक कैसे हुए लुटेरे?

पदमनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला मुख्यालय से 12 किमी दूर ग्राम आबूद के पास देर रात बदमाशों ने पति-पत्नी के साथ मारपीट और छीना झपटी किया वारदात हुई। देर रात्रि को इलाज कराने के लिए डिगरिस गांव से दंपति बाइक से निकले थे, लेकिन इस दौरान दंपति के साथ बदमाशों ने रास्ते में मारपीट करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया है। पति के सामने ही पत्नी को चाकूओं से हमला कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पति को जमकर मारपीट करते हुए अधमरा कर दिया है।

# दुर्गामाता को गांव में भ्रमण कराया,फिर हुई घट स्थापना



**नवभारत न्यूज**

**बीड़। शारदीय नवरात्रि-2025 शुरू हो गया है। सोमवार को ग्राम के चार स्थानों पर माता रानी की घट स्थापना हुई।**

दुर्गा मंदिर, शीतला माता मंदिर व शिवाजी मोहल्ले में दुर्गा माता व अनिल कुमार श्रीवास के निवास पर कालिका माता की स्थापना की गई। शीतला माता मंदिर की माताजी सिंह पर सवार हुई, दुर्गा माता को गांव में भ्रमण कराया गया,इसके बाद स्थापना की गई। कालिका माता को भी इंदौर के पंडितों ने पूजा-अर्चना कर स्थापना की।

# अंतिम सप्ताह में निगम को सेवा सप्ताह पर कई कार्यक्रमों का टारगेट

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। आम जनता के काम करने और उनसे जुड़ी हुई संस्थाओं को केंद्र और राज्य सरकार बड़े टास्क दे रही हैं। सेवा पखवाड़ा के रूप में निगम को इस महीने के अंतिम सप्ताह में बड़े काम दिए हैं, जिसमें जनता को जोड़कर उनके साथ समय बिताने और समस्याएं जानने का मौका मिल सके।**

इसके लिए खंडवा नगर निगम ने बड़ी तैयारी की है। निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने एक प्लान चाक-आउट किया है, जिसमें महापौर अमृता अमर यादव के निर्देशन में अन्य पदाधिकारी मिलकर इस टास्क को धरातल पर उतारेंगे।



नगर निगम खंडवा के सभागृह में आयुक्त प्रियंका राजावत की अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा एवं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग फेज़-3 के संचालन हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशानुसार हुई। बैठक में निगम अधिकारियों, जोन प्रभारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भागीदारी की।

### 24 सितंबर को आवास योजना अंगीकार अभियान

बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अंगीकार अभियान का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर गौरिकुंज में पीएमएवाई हितग्राहियों को आमंत्रित किया जाएगा।आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं, उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया जाएगा। जिन आवासों में अगली स्टेज हेतु जियोटैगिंग हो चुकी है, उन्हें प्रतीकात्मक चेक वितरित किए जाएंगे। जिनके आवास पूर्ण हो चुके हैं, उनके लिए वार्ड स्तर पर पार्षदगण की उपस्थिति में गृहप्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### 25 सितम्बर को प्लॉग रन और स्वच्छता चैंपियनशिप

बैठक में तय किया गया कि 25 सितम्बर को एक घंटा - एक साथ थीम पर विशाल प्लॉग रन का आयोजन होगा। सभी जोन प्रभारियों एवं उपयंत्रियों को निर्देश दिए गए कि प्रतिभागियों को सिनेमा चौक तक पहुँचाने की व्यवस्था करें। प्रतिभागियों के निर्धारित मार्ग एवं सूचनाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

पेयजल,टूलकिट एवं विजेताओं हेतु पुरस्कार की व्यवस्था की जाएगी।इसी दिन स्वच्छता चैंपियनशिप का भी आयोजन होगा। स्वच्छता में सहयोग एवं श्रमदान करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### 29 एवं 30 को ट्रिपल आर प्रदर्शनी

29 और 30 सितम्बर को आर.आर.आर. (Reduce, Reuse, Recycle) प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

### 01 एवं 02 अक्टूबर को स्वास्थ्य शिविर

बैठक में निर्णय लिया गया कि -01 अक्टूबर को पेंशनधारक लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। 02 अक्टूबर को सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। इसके अतिरिक्त, जो लोग स्वास्थ्य शिविर स्थल तक आने में असमर्थ होंगे, उनके लिए मोबाइल टीम एवं चिकित्सक की व्यवस्था भी की जाएगी।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन





**नवभारत न्यूज**

**मून्दी। नगर परिषद मून्दी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत नगर के सेंट मेरिस कान्वेंट स्कूल में स्वच्छता पर वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

इस आयोजन में एक पक्ष ने सभी से स्वच्छता बनाए रखने पर अपना पक्ष रखा एवं विपक्ष के द्वारा शासन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के बारे मैं समझाया एवं स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन मैं कितनी महत्वपूर्ण है इसको बनाये रखने को लेकर अपना पक्ष रखा। साथ ही स्वच्छता पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन किया गया। एवं इसी के साथ साथ नगर की आशा देवी पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र- छात्राओं के स्वच्छता पर चित्रकला एवं निबंध लिखकर स्वच्छता सन्देश दिया गया।

प्रतियोगिता में विजेता छात्र/ छात्राओं को समापन दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सहा.स्वच्छता प्रभारी शुभम चौहान,सामु. संगठक प्रदीप कनासे,गौरव महाजन मोनू गौर सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ की टीम ने किया मॉकड्रिल

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा ।** शासकीय मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय स्थित ऑक्सीजन प्लांट परिसर में सोमवार को आपदा से निपटने के लिये एनडीआरएफ टीम द्वारा मॉकड्रिल किया गया। आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल के दौरान ऑक्सीजन लिक्विड के रिसाव को बचाने व प्लांट के पास आपात स्थिति में फंसे हुए व्यक्तियों को निकालते हुए प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी. जुगतावत,सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल,मेडिकल कॉलेज के अस्पताल अधीक्षक डॉ.रंजीत बड़ोले, सहायक अधीक्षक डॉ. सुनील बाजोलिया, नर्सिंग ऑफिसर, अस्पताल का स्टाफ मौजूद था।

असिस्टेंट कमान्डिंग ऑफिसर एनडीआरएफ सैयद् बादशाह सिकंदर ने बताया कि केमिकल आपदा से बचाओ के सम्बंध में जनजागरुकता के लिए एनडीआरएफ टीम द्वारा मॉकड्रिल के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।



# सद्भावना मंच पर मनाया राष्ट्रीय चाय दिवस,दी बधाईयां

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। चाय का करिश्मा ऐसा है कि वह बिगड़े हुए कार्य को भी पल भर में बना देती है। संबंध हो या दोस्ती घर में यदि रिश्तेदार आए या परिचत आये और उन्हें चाय नहीं पिलाई तो उसके मन में क्या भावना होगी यह चाय नहीं पिलाने के बाद महसूस होता है। आज हमारे देश के प्रधानमंत्री भी विदेश के मंत्रियों को चाय पर आमंत्रित कर अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं जो की सराहनीय कार्य है।



यह बात राष्ट्रीय चाय दिवस पर मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच पर उपस्थित सदस्यों को मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कही। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,सुरेंद्र गीते,देवैद्र जैन,डॉ जगदीश चंद्र चौरे,ललित चौरे,त्रिलोक चौधरी,राधेश्याम शाक्य,डॉ वीरेंद्र लाड़,निर्मल मंगवानी ,अर्जुन बुंदेला,एनके दवे,कमल नागपाल,सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि सदस्य उपस्थित थे।

**अनोखी वारदात** — तांत्रिक क्रिया का शक,कफन से कैमरा ढंककर गुनाह पर पर्दा डालने की कोशिश

# महिला की कब्र से छेड़छाड़,सीसीटीवी में निर्वस्त्र दिखे दो आरोपी



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। शहर के बाहर स्थित कब्रस्तान में एक महिला की कब्र से छेड़छाड़ की गई है। अमावस्या के चलते तंत्र क्रिया की आशंका है। कुछ महीनों पहले भी अमावस्या पर ही इसी तरह की वारदात खंडवा और सिहाड़ा में हुई थी।**

बताया जा रहा है कि शहर के बड़ा आवार स्थित बड़े कब्रिस्तान में सोमवार सुबह दो कब्रें खुली पाई गईं, जिनमें से एक कब्र तो दी दिन पहले ही दफनाई गई एक महिला की है। दूसरी कब्र की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। और भी कब्रों की फिलहाल जांच की जा रही है, कि कहीं इस तरह की घटना किसी और कब्र के साथ तो नहीं की गई?

### सीसीटीवी फुटेज खोलेंगे रहस्य



यहां लगे सीसीटीवी फुटेज में दो आरोपी नजर आए हैं,जो की रात के समय कब्रों के पास खड़े पूरी तरह से निर्वस्त्र दिखाई दे रहे हैं। इनमें से एक आरोपी खम्बे पर चढ़कर,यहां लगे सीसीटीवी कैमरे पर कफन का कपड़ा ढाँककर अपने जुर्म पर पर्दा डालने की कोशिश भी करता दिख रहा है ।पुलिस ने डीवीआर जप्त कर जांच शुरू कर दी है ।

### परिवार वालों के साथ समाजजन भी पहुंचे

इधर, जानकारी लगते ही परिजन के साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज जन और शहर काजी सैय्यद निसार अली के साथ कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद पहले तो महिला के परिजन मौजूदगी में कब्र को दोबारा बना दिया गया।

### ऐसी वारदात खंडवा में नई नहीं

बता दें, कि बीते चार माह पूर्व भी इसी बड़ा कब्रस्तान क्षेत्र में अमावस्या के समय ही तीन महिलाओं की कब्र इसी तरह से खुली होने की बात सामने आई थी। जिसके बाद आक्रोशित मुस्लिम समाज ने कब्रिस्तान में कैमरे लगवाए थे । एक बार फिर से अमावस्या के दिन ही इस तरह की घटना सामने आना तांत्रिक और आघोरी क्रिया के चलते इस तरह की वारदात अंजाम देने की संभावना जताई जा रही है । हालांकि फिलहाल मामला पुलिस की जांच में है,और शहर काजी ने इस पर आपत्ति जताते हुए दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उसे कड़ी सजा देने की मांग की है ।